RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 253
हिसार | सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6







## प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा ने पकड़ी रफ्तार, 11वें दिन 71 स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों में बढ़ा विश्वास, पात्र लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 11 दिसम्बर :** हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अब रफ्तार पकड़ ली है। यात्रा के तहत प्रतिदिन सैकड़ों स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। यात्रा के 11वें दिन रविवार को 71 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें 43671 लोगों ने शिरकत की और 36824 नागरिकों ने विकसित भारत का संकल्प लिया। यात्रा के माध्यम से गांवों और शहरों में लोगों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा केंद्र और राज्य की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कई योजनाओं का लाभ भी आमजन को दिया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है ताकि उसे योजनाओं का लाभ मिले और उसका विकास हो। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लिए ऑन दि स्पॉट रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। इसके अलावा ड्रोन दीदी अभियान के तहत ड्रोन वितरण और यात्रा के दौरान आम लोगों के अनुभव एकत्र किए जा रहे हैं। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।


सोनीपत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न स्टालों को निरीक्षण करते अतिथि।

11वें दिन यात्रा के दौरान करीब 8 हजार लोग हेल्थ कैंपों में पहुंचे और अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाई। चार हजार से ज्यादा लोगों की टीबी की स्क्रीनिंग की गई। यात्रा के दौरान 195 लोगों ने आयुष्मान कार्ड शिविर का लाभ उठाया, 272 लोग आधार कार्ड कैंप में पहुंचे और 54 किसानों ने नेचुरल फार्मिंग से संबंधित जानकारी ली। वहीं सैकड़ों लाभार्थियों का पीएम उज्ज्वला योजना के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया।

यात्रा में जनभागीदारी बढ़ाने व समाज के लिए अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। 11वें दिन 609 मेधावी छात्रों, सामाजिक कार्य करने वाली 303 महिलाओं, 106 स्थानीय खिलाड़ियों और 94 लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया।

हरियाणा में इस यात्रा को जनसंवाद से जोड़ा गया है जिसके तहत जनता की समस्याओं और शिकायतों को अधिकारी मौके पर ही निपटा रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोग अब निश्चिंत हैं कि उनके लिए बनी योजनाओं का हक कोई और नहीं मार सकता।

## डिप्टी सीएम ने अधिवक्ताओं के चैंबर के लिए किया भूमि पूजन



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** सोमवार को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हिसार पहुंचे यहां उन्होंने कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के नए चैम्बर के लिए भूमि पूजन किया। बता दें कि कुछ समय पहले हिसार के वकीलों ने डिप्टी सीएम से चैम्बर के लिए जमीन की मांग की थी डिप्टी सीएम ने उसी मांग को पूरी करते हुए हिसार में अधिवक्ताओं के चैंबरों के लिए भूमि पूजन किया। डिप्टी सीएम ने बार के लिए हॉल को एक्सटेंशन की मंजूरी भी दे दी। वहीं इसके अलावा उन्होंने कोर्ट परिसर में वकीलों के लिए सोलर युक्त पार्किंग बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने 50 वर्षों से अधिक समय से वकालत कर रहे अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया।

## संत दर्शन सिंह महाराज व राजिंदर सिंह महाराज के जन्मोत्सव पर कृपाल आश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन, 70 यूनिट रक्त किया गया एकत्रित




**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** स्थानीय कृपाल आश्रम हिसार में दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज और मौजूदा सरकार संत राजिंदर सिंह महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मेयर गौतम सरदाना उपस्थित थे। उन्होंने समूह संगत को संत राजिंदर सिंह महाराज के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन कृपाल रूहानी मिशन समय-समय पर निष्काम सेवा संबंधित कार्यक्रम आयोजित करता रहता है और बच्चों की नींव बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता रहता है। उन्होंने कृपाल आश्रम के सेवादारों की जन सेवा के कार्यों के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर हरियाणा के जोन इंचार्ज पी.के. बंगिया भी उपस्थित रहे। कृपाल आश्रम के प्रधान डॉक्टर के. एल. गुलाटी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय संगत के अलावा नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए गुरु सत्ता व सेवादारों का जताया। इस अवसर पर रोहतक से किरण मल्होत्रा ने गुरु के महत्व पर रूहानी सत्संग किया और लंगर प्रसाद के वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मलिक ऑटोस हौंडा ने अपने ग्राहकों के लिए किया लक्की ड्रा कार्यक्रम का आयोजन





**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** मलिक ऑटोस हौंडा, बरवाला रोड सिथत, हिसार ने अपने नए ग्राहकों के लिए रविवार को लक्की ड्रा कार्यक्रम आयोजन किया। इसमें अक्षय मलिक मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया की मलिक ऑटोस हौंडा ने इस त्योहारी सीजन में अपने 1000 प्लस नए ग्राहकों को जोड़ा, जिसमें अक्षय सिंह ने प्रथम पुरस्कार व्हर्लपूल फ्रिज, श्रीराम पैकर्स ने द्वितीय पुरस्कार वाशिंग मशीन और पवन कुमार ने तृतीया पुरस्कार माइक्रोवेव ओवन जीता और साथ में अन्य 7 ग्राहकों ने भी पुरस्कार जीते। मलिक ऑटोस हौंडा, ने 51 लक्की ग्राहकों को एक साल की एक्सटेंडिड वारंटी फ्री वितरीत की गई। उन्होंने बताया कि लोन व एक्सचेंज मेले की त्योहारी स्कीम इस महीने भी जारी रहेगी जिसमे मात्र 2100 की डाउन पेमेंट पर SHINE 100 मोटरसाइकिल ले सकते हैं। इस मौके पर गुरदीप सिंह ब्रांच मैनेजर हांसी, राजबीर सिंह ब्रांच मैनेजर आदमपुर, प्रदीप मांझू ब्रांच मैनेजर बरवाला व आल सेल्स टीम भी उपस्थित रही।

## विपिन गोयल छानीवाला बने 18 कुंडीय तृतीय महायज्ञ के कार्यक्रम संयोजक



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा कुलदेवी महालक्ष्मी वरदान दिवस के अवसर पर अग्रोहा शक्तिपीठ की पावन धरती पर द्वितीय 18 कुंडीय महायज्ञ 24 दिसंबर से 26 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला को कार्यक्रम संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी है। दक्षिण भारत के 51 से अधिक प्रकांड विद्वान ब्राह्मण एवं आचार्य द्वारा सवा करोड़ मंत्रों की आहुति से महालक्ष्मी जी का पूजन किया जाएगा। देश भर की 1018 महिलाओं द्वारा विशाल मंगल कलश शोभा यात्रा रामजीदास बाजोरिया के प्राचीन मंदिर से निकली जाएगी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में पूरे देश भर से आए अग्रबंधुओ के अतिथ्य का जिम्मा मेजबान हरियाणा प्रदेश की जनरल, महिला और युवा इकाई को सौंपा है। देश के बड़े-बड़े संतों और समाज के आम बंधुओं के साथ-साथ राजनेताओं एवं बड़े उद्योगपतियों को भी निमंत्रण दिया गया है।

## कल हिसार से गुरुग्राम एसी बस सेवा का स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता करेंगे शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** हरियाणा राज्य परिवहन हिसार द्वारा बुधवार 12 दिसम्बर को हिसार से गुरुग्राम के लिए वातानुकूलित बस सेवा सेवा आरंभ की जायेगी। शहरी निकाय मंत्री, हरियाणा सरकार डॉ कमल गुप्ता व मेयर गौतम सरदाना कल सुबह 10.40 पर बस स्टैंड से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। हरियाणा रोडवेज कार्यालय में बस सुविधाओं के बारे में बातचीत करने आए सजग के प्रदेशाध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल को हरियाणा रोडवेज महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि बस हिसार से गुरुग्राम वाया महम, झज्जर, बैरी के लिए प्रतिदिन सुबह 06:00 बजे चलेगी। इस बस का किराया 275 रूपए प्रति यात्री होगा। सजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल ने हरियाणा सरकार व रोडवेज द्वारा निरंतर बढाई जा रही बस संख्याओं व सुविधाओं को आम नागरिकों के लिए लाभप्रद बताते हुए की प्रशंसा की है
















## सम्पादकीय..........

### आने वाली तिमाही में हर क्षेत्र के आंकड़े मजबूत होंगे तो हमारी अर्थव्यवस्था नई बुलंदी पर होगी

भारतीय रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति में रेपो रेट में लगातार पांचवीं बार कोई बदलाव नहीं कर संकेत दिए हैं कि अर्थव्यवस्था के दूसरे पहलुओं के साथ उसका फोकस महंगाई नियंत्रित करने पर भी है। हालांकि बढ़ती महंगाई से त्रस्त लोग रेपो रेट में कमी की उम्मीद कर रहे थे। रेपो रेट को भले 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया हो, नई मौद्रिक नीति का सबसे उजला पहलू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुमान बढ़ाना है। वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए इसे 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया है। देश में निवेश और उपभोग की नीतियों पर जिस तरह जोर दिया जा रहा है, उससे इस अनुमान के साकार होने में शक की कोई गुंजाइश हाल-फिलहाल नहीं लगती। हमारी जीडीपी का 70 प्रतिशत हिस्सा निवेश और उपभोग से ही कवर होता है। मौजूदा वित्तीय वर्ष की दोनों तिमाही में जीडीपी की दर केंद्रीय बैंक के अनुमानों से ज्यादा रही है। साल की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यह 7.6 प्रतिशत रही, जबकि अनुमान 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी का था। इससे पहले की तिमाही (अप्रेल-जून) में यह 7.8 प्रतिशत रही थी। देश में निवेश के पहिए तेजी से घूम रहे हैं। दूसरी तिमाही में निवेश 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14.71 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। उपभोग के मोर्चे पर और ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि इसमें आशानुरूप बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। विशेष रूप से निजी खपत में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी है। दूसरी तिमाही में इसमें सिर्फ 3.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। पहली तिमाही में 3.5% की रफ्तार दिखाने वाला कृषि क्षेत्र दूसरी तिमाही में 1.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी ही दर्ज कर सका। कृषि क्षेत्र के फलने-फूलने पर ही ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग बढ़ सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आमदनी बढ़ाने, रोजगार, ऋण उपलब्धता, विकास और महंगाई नियंत्रण के कदम जरूरी हैं। जीडीपी के ऊंचे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ऐसे क्षेत्रों पर नजर रखना भी जरूरी है, जिनका ग्राफ एक अवधि में जितनी तेजी से ऊपर जाता है, अगली अवधि में उसी तेजी से नीचे लुढ़क जाता है। मसलन पिछले साल की दूसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में 13.9 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी हुई थी, जो इस साल की दूसरी तिमाही में घटकर 3.8 प्रतिशत पर आ गई। जीडीपी के मामले में अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद भारत भले ही पांचवें नंबर पर है, हमारी अर्थव्यवस्था की रॉकेट-रफ्तार ने दुनिया को अचम्भे में डाल रखा है। अंतराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के मुकाबले हमारी अर्थव्यवस्था दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। अगर हर आने वाली तिमाही में हर क्षेत्र के आंकड़े मजबूत होंगे तो हमारी अर्थव्यवस्था नई बुलंदी पर होगी।

# हमेशा वही काम करना चाहिए जो खुद को सही लगे

पिता और पुत्र एक दिन एक घोड़ा लेकर कहीं जा रहे थे। रास्ते में किसी ने देखा और कह दिया कितने बेवकूफ हैं, घोड़ा साथ होते हुए भी पैदल ही चले जा रहे हैं।' यह सुनकर वे दोनों घोड़े पर बैठकर चलने लगे। अभी थोड़ा आगे चले थे कि कुछ लोगों ने कहा-'कितने निर्दयी हैं जो दोनों घोड़े पर चढ़े बैठे हैं। अरे अगर पुत्र पैदल चलने लगे और पिता बैठा रहे तो क्या हर्ज है!' यह सुनकर पुत्र उतर गया और पिता घोड़े पर बैठा रहा। थोड़ी दूर और चले तो कुछ लोगों ने फिर ताना कस दिया- 'कितना निर्दयी पिता है, खुद तो बैठा है और पुत्र को पैदल चला रहा है।' सुनकर पिता घोड़े से उतर गया और पुत्र को घोड़े पर बैठा दिया। फिर आगे चले तो कुछ लोग पुत्र को कोसने लगे। इस सीधी-सी कहानी का संदेश यह निकलता है कि दोनों ने हर तरह से सभी लोगों को खुश करना चाहा, फिर भी वे सबको खुश तो न कर सके। कहने का अर्थ यह है कि आप जो करो अथवा जो हो रहा है, सामने वाला उसमें दोष ही ढूंढता रहता है। हम अपनी जिंदगी में हर छोटे से छोटे काम में भी वही करते हैं जिससे हमें दूसरों की तारीफ मिले। अपनी पसंद और नापसंद तो हम बाद में ही तय किया करते हैं। अक्सर दूसरों की सोच हमें अधिक प्रभावित करने लगती है। ऐसे में

**अध्यात्म**

अपनी वास्तविकता हम भूल ही जाते हैं। प्रायः हर काम सिर्फ इस बात पर निर्भर करता है कि ऐसा करेंगे तो लोग क्या कहेंगे। लोगों की कही हमें इतनी परवाह बनी रहती है कि हम खुद को दुःख में रखकर भी वही करते हैं जो दूसरे लोगों को खुश रख सकें। सच यह है कि हम चाहे जो भी काम करें, वो कैसा भी क्यों न हो, अपनी खुशी से करें। तभी मन को शांति मिलेगी, अन्यथा दुख ही मिलेगा। 'लोग क्या कहेंगे' के डर से जो ऊपर उठ जाता है, उसके पास अगर कुछ नहीं भी है, तो भी बहुत कुछ है। अब अगर लोग कहते हैं, तो कहते रहें कि इसके घर में गाड़ी नहीं है। क्या हुआ अगर गाड़ी नहीं है। साइकिल तो है, उसमें पेट्रोल भी नहीं लगता और कसरत भी हो जाती है। फ्रिज नहीं है तो क्या हुआ, मटके का पानी भी ठंडा होता है। इंसान मटके का पानी पी कर अपने आप में मस्त है न। किसी के पास फ्रिज है, तो भी लोग कहेंगे- फ्रिज का पानी नहीं पीना चाहिए। यही हाल हर जगह बना हुआ है। हर व्यक्ति का नजरिया अलग-अलग होता है। आप कोई रंग का कपड़ा पहनकर निकलते हैं, तो एक उसकी तारीफ करता है तो दूसरा बुराई। ऐसे तो कभी खुशी नहीं मिल सकती। कहने वालों की कमी नहीं है संसार में। हमें अपना हर काम अपनी संतुष्टि के लिए ही करना चाहिए। करें वही जो स्वयं को उचित लगे, जो अपने व परिवार और समाज के हित में हो।

## सुण मौल्लड़ की



भाजपा महंत बालकनाथ का लाभ हरियाणा में उठाएगी

पूरी जाट बेल्ट में!

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। किसी अंजान स्थान की यात्रा न करें। कार्यों में अवरोध उत्पन्न होंगे। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**वृषभ :** प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। प्रियजन के साथ समय बीताने का अवसर मिलेगा।
**मिथुन :** उधार के लेन-देन से बचें। व्यर्थ के विवादों से दूर रहें। सावधानीपूर्वक कार्य करें। दुर्गा माता की पूजा करें।
**कर्क :** बच्चों को लेकर शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रभावी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। मन में उत्साह बना रहेगा।
**सिंह :** तनाव के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। विपरीत माहौल में खुद को असहज महसूस करेंगे। शरीर में थकान व आलस्य बना रहेगा। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।
**कन्या :** प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लम्बे समय से अटके काम पूरे होंगे।
**तुला :** कला के क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी। वाणी व व्यवहार में संयम बनाए रखें। लम्बे समय से अटके काम पूरे होंगे।
**वृश्चिक :** पुरानी बातें भूलाकर नई शुरूआत करेंगे। भावुकता पर नियंत्रण रखें। प्रिय व्यक्ति के साथ मुलाकात सुखद रहेगी।
**धनु :** समय विपरीत है। पूंजी निवेश करने से बचें। कोई नया कार्य आरंभ न करें। भगवान शिव जी की पूजा करें।
**मकर :** आकस्मिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।
**कुंभ :** कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। नौकरी में पदोन्नति होने की संभावना। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
**मीन :** दिन भाग्यशाली रहेगा। नए कार्यों की शुरूआत लाभकारी रहेगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# बंधनों में रह कर ही सच्ची जीवन मुक्ति को अनुभव किया जा सकता है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



आज जब हम अपने आस पास देखते हैं तो महसूस करते हैं कि हम सब अपनी मनमर्जी करते हैं, अपने लिए, जो हमें अच्छा तथा सुविधाजनक लगता है उसके के अनुसार चलते हैं, ज़रा सा भी बंधन भी हमें स्वीकार्य नहीं है। जीवन मुक्त बनना चाहते हैं, हित के लिए शुभचिंतकों द्वारा की गई रोक टोक को भी अनावश्यक हस्तक्षेप समझते हैं। पर अधिकार और कर्तव्य तो साथ साथ चलते हैं, आज़ादी के साथ कुछ बंधन भी होते हैं जो उस आज़ादी का सुख भोगने के लिए जरूरी होते हैं, ये वो बंधन है जो आज़ादी को सार्थक बनाते हैं, जैसे अनुशासन और मर्यादा के बंधन, संवेदनशीलता और विवेकशीलता के बंधन आदि। बिना अनुशासन या स्वानुशासन के तो स्वतंत्रता उच्छृंखलता में तबदील हो जाती है। एक बार आश्रम में आचार्य सुमेध अपने विद्यार्थियों के जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए बौद्धिक क्षमता और प्रज्ञा को निखारने के विवेक, वैराग्य, अनुशासन और मर्यादा प्रतिभा, प्रारब्ध आदि के महत्व पर समझा रहे थे तो एक शिष्य के मन में प्रश्न आया और उसने संकोच करते हुए गुरु जी से पूछा, 'गुरु जी यदि लक्ष्य प्राप्ति का आधार हमारी जन्म जात गुण, बौद्धिक प्रखरता और ईश्वर प्रदत्त बौद्धिक क्षमता ही है तो हमें जीवन में कठोर परिश्रम करने की क्या आवश्यकता है?' गुरु जी ने आश्रम के साथ बह रही गंगा के किनारे पर ले गए और उस शिष्य से कहा, 'वत्स! यह जो तुम्हारे सामने गंगा बह रही है, सोचो यदि गंगा नदी के ये दोनों किनारे नहीं हों तो क्या होगा? क्या यह नदी प्रतीत होगी? क्या इसकी जलधारा प्रवाहमान होती प्रतीत होगी और इतनी दूरी तय कर पाएगी, जितनी अभी यह कर रही है?' शिष्य ने कहा, 'हां ,गुरु जी तब तो सारा जल बिखर जाएगा, गंगा अपने लक्ष्य गंगा सागर तक नहीं पहुंच पाएंगी,बीच में ही खत्म हो जाएगी।' आचार्य ने समझाया, 'ठीक वैसे ही अनुशासन के अभाव में विद्यार्थी की जीवन ऊर्जा भी बिखर जाएगी और उसके लिए लक्ष्य प्राप्ति असंभव हो जाएगी।' यह अनुशासन की बात केवल विद्यार्थी जीवन के लिए ही नहीं अपितु जीवन के किसी भी काल में यह परमावश्यक है।जब भी हम कुछ रचनात्मक करना चाहते हैं, अपने अंदर क्रिएटिविटी को उभारने के लिए तथा प्रतिभा को निखारने और उसके दोहन के लिए स्व अनुशासन पहली और अंतिम शर्त है। बिना थके, बिना डरे और हैरान हुए , धैर्य पूर्वक प्यार से अपने काम को करते हुए जीवन मुक्ति का अनुभव किया जा सकता है।

**-डॉ. कमलेश कली**

# रोटरी सैंट्रल हिसार ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की

## दो स्कूलों में प्रोजेक्ट लगाकर किया स्वेटर का वितरण




**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहने वाली संस्था रोटरी सेंट्रल हिसार ने सर्दी शुरू होने पर दो विभिन्न स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर भेंट की ताकि तेज सर्दी में बच्चे अपना बचाव कर सकें व स्कूल में उपस्थित रह सकें। इस सीजन का पहला स्वेटर वितरण कैंप गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल गाँव नगंथला में लगाया, जहां करीब 150 जरूरतमंद, विधार्थियों को स्वेटर दिया गया। इस अयोजन के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. संजय ठकराल व को-प्रोजेक्ट चेयमरैन रो. हरीश रहेजा रहे। अपने संबोधन में प्रधान रो. राकेश महता, रो. कुलदीप खेड़ा, रो. रवि महता ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने व समय आने पर समाज की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। दूसरा स्वेटर वितरण कैंप प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. नवीन साहनी व को-प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. विमल मिगलानी के नेतृत्व में रामपुरा मोहल्ला स्थित शहर के पुराने व प्रसिद्ध हरजी राम हिंदू हाई स्कूल में लगाया गया। वहाँ भी जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर दी गई। रो. प्रो. हरीश जुनेजा ने बच्चों को संबोधित किया व जीवन में कामयाब होने के विषय पर बातचीत की। इन दोनों आयोजनों में सचिव रो. विनोद आहूजा, रो. सुनील मलिक, रो. विकास ठकराल रो. रविन्द्र कत्याल ने भी उपस्थित रह कर अपना योगदान दिया। रोटरी सेंट्रल हिसार ने दोनों स्कूलों के भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# साहित्यकार डॉ. विक्रमजीत द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन

## वक्ताओं ने दोनों पुस्तकों को मानव जीवन के लिये उपयोगी बताया



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** सर्वोदय भवन में साहित्यकार डॉ. विक्रमजीत द्वारा लिखित दो पुस्तकों क्रमशः शब्द स्तब्ध लोक (काव्य) व रुहानी विज्ञान (गद्य) का विधिवत विमोचन किया गया। पूर्व प्रिंसीपल आई.जे.नाहल व सत्यपाल शर्मा ने मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित होकर पुस्तकों का विमोचन किया। अपने संबोधन में पूर्व प्रिंसीपल आई.जे.नाहल ने कहा कि डॉ. विक्रमजीत ने विशेष शैली द्वारा अध्यात्म पर मानव जाति को एक अति महत्वपूर्ण जानकारी दी है। ऐसी श्रेष्ठ पुस्तकों के अध्ययन से मानव जाति का उद्धार एवं कल्याण संभव है। विश्व शांति हित में यही बोध कारगर है। मंच संचालन करते हुए सत्यपाल शर्मा ने कहा कि ये पुस्तकें मानव जीवन के लिये बड़ी उपयोगी एवं आत्म अवलोकन करने के लिये आज के युग में एक पथ प्रदर्शक के रुप में सिद्ध होगी। अतः सभी सुधी पाठकों से निवेदन है कि इन पुस्तकों का अध्ययन अवश्य करें।

गौरतलब है कि साहित्यकार डॉ. विक्रमजीत अब तक 30 पुस्तकें लिख चुके हैं। डॉ. व्रिकमजीत हिंदी के ख्याति प्राप्त विद्वान हैं। इनके बारे में डॉ. नामवर सिंह ने कहा था कि राजनीतिक व्यंग्य पुस्तक डॉ. विक्रमजीत की साहित्य जगत को विशिष्ट देन है। अब अध्यात्म पर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा हास्य-व्यंग्य सम्मान 2016-17 से नवाजे जा चुके हैं। इन्हें मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदत्त सम्मान पत्र (दो लाख रुपये नकद) व आजीवन निःशुल्क बस यात्रा पास भी दिया गया है। इस अवसर पर प्रिंसीपल धर्मबीर शर्मा, डॉ. पूनम मलिक, डॉ. महेन्द्र सिंह, शैलेश वर्मा, धर्मबीर शर्मा, बनीसिंह जांगड़ा, सुरेश जैन, मेहरचंद मनचंदा, बनवारी लाल, आदि भी उपस्थित रहे।

## कर्म का मर्म

# हिंदुस्तान की पहचान

यह उन दिनों की बात है जब क्रांतिकारी अशफाक उल्ला शाहजहांपुर के एक आर्य समाज मंदिर में पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के साथ ठहरे हुए थे। अचानक कुछ दंगाइयों ने मंदिर को घेर लिया। दंगाई बड़े ही उत्तेजक नारे लगा रहे थे और मंदिर को नष्ट करने के लिए वे आसपास के लोगों को भी उत्साहित करना चाहते थे। यह देखकर अशफाक उल्ला ने अपनी पिस्तौल निकाली और मंदिर के मुख्य द्वार के पास आकर बोले, 'अगर किसी ने मंदिर की एक भी ईंट को हाथ लगाया तो मैं उसे गोलियों से भून दूंगा। उन्हें देखकर कुछ दंगाइयों ने पहचान लिया। उनमें से एक बोला, 'तू तो मुसलमान है, तेरा इस मंदिर से क्या लेना-देना/' दंगाई की बात सुन कर अशफाक ने जवाब दिया,'मंदिर और मस्जिद मालिक की इबादत करने के पवित्र स्थल होते हैं। मैं दोनों के प्रति बराबर की श्रद्धा रखता हूं। इसलिए मंदिर की हिफाजत करना भी मेरा कर्तव्य है। मैं एक हिंदुस्तानी क्रांतिकारी हूं। देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने पर मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता हूं। हिंदुस्तान को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराना ही मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य है।' अशफाक की यह बात सुनकर दूसरा दंगाई बोला, 'हमें तुम्हारी ये बातें समझ में नहीं आतीं। लेकिन तुम्हें मालूम होना चाहिए कि हमारे देश के क्रांतिकारियों का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजों को भगाकर हिंदुस्तानियों की सल्तनत कायम करना है। ऐसे में जब हिंदुस्तानी इस देश पर राज करेगें, तो तुम्हें भी यहां से खदेड़ दिया जाएगा। फिर भी तुम क्रांतिकारी बने घूम रहे हो।' अशफाक उनकी बात सुनकर बोले, 'हिदुस्तान ऐसा देश है जहां जाति-धर्म से परे मानवीयता को महत्व दिया जाता है। यहां की सभ्यता प्रारंभ से सभी को समान समझती आ रही है।' अशफाक की बात सुनकर दंगाई वहां से चुपचाप निकल गए।



# फ्रैंडस कॉलोनी की धर्मशाला के बाहर गंदगी बनी लोगों की परेशानी का सबब



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** फ्रैंडस कॉलोनी स्थित धर्मशाला के बाहर गंदगी आसपास के लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत अभियान चला रही है तो दूसरी तरफ इस तरह की गंदगी से जीना मुहाल होता जा रहा है। कालोनी के डॉ सूर्यकांत शर्मा, सतपाल वधवा, दीन दयाल महता, जगदीश चावला, संजीव महता, हरीश कुमार, राजीव व अन्य का कहना है कि उनकी कालोनी में धर्मशाला काफी पुरानी बनी हुई है। यहां शादी ब्याह व अन्य आयोजन होते रहते हैं लेकिन खाना पीना व अन्य गंदगी बाहर इकटठा कर दी जाती है। इस गंदगी पर बेसहारा गायों का झुंड लग जाता है और कई बार गायों द्वारा लोगों को नुकसाान पहुंचाने का भी अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के बारे में कई बार धर्मशाला के पदाधिकारियों से बात कर चुके हैं लेकिन इस दिशा में कोई समाधान नहीं हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने इस संबंध में निगम अधिकारी से मिलने का निर्णय लिया गया है।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 15 जरूरतमंद लोगों के किए फ्री नेत्र ऑपरेशन




**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** सामाजिक सरोकारों की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में आधुनिक तकनीक से 15 जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा फ्री किए गए। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग केंद्र में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर में बिना चीरा व टीके के टॉपिकल फेको पद्धति से आधुनिक मशीनों द्वारा सभी नेत्र ऑपरेशन किए गए। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि यह केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं प्रति पूरी तरह समर्पित है।

# आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल में सुब्रह्मण्य भारती के जन्मदिवस पर मनाया 'भारतीय भाषा उत्सव'




**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 दिसम्बर :** आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल, डाबड़ा रोड हिसार में महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के जन्मदिवस को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में 'मेरी मातृभाषा में हस्ताक्षर' गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यालय में विशेष प्रातः कालीन सभा के दौरान महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सुब्रह्मण्य भारती एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा एकता सेतु के प्रतिनिधि थे। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। इस विशेष अवसर पर डी.ए.वी. एच आर जोन ई की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती सुनीता बहल ने भी हिंदी में हस्ताक्षर किए और बताया कि मातृभाषा में जो आत्मीयता और संवेदनशीलता है वह अन्य किसी भाषा में नहीं है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक हिंदुस्तानी को अपनी भाषा का सम्मान करना चाहिए।

|| राम || Lovely Salon Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम muse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

# उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सेक्टर 9-11 से मॉडल टाउन एक्सटेंशन को सीधे जोड़ने वाले रास्ते का किया शुभारंभ

## बोले, गठबंधन सरकार ने अपने कार्यकाल में जनहित के कई ऐतिहासिक कार्य करवाए



सेक्टर 9-11 से मॉडल टाउन एक्सटेंशन को जोड़ने वाले सीधे रास्ते के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार सांय को सेक्टर 9-11 से मॉडल टाउन एक्सटेंशन को सीधे जोड़ने वाले रास्ते का शुभारंभ किया। इस सीधे रास्ते के बनने से सेक्टर 9-11 और मॉडल टाउन एक्सटेंशन के 10 हजार से अधिक लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी, क्योंकि पहले सीधा रास्ता न होने की वजह से गाड़ी चालकों को ढाई किलोमीटर का लंबा चक्कर काटना पड़ता था। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला अक्टूबर माह में मॉडल टाउन एक्सटेंशन में एक कार्यक्रम में आए थे, जहां पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने यह मांग रखी थी कि ग्रीन बेल्ट की वजह से सेक्टर 9-11 और मॉडल टाउन एक्सटेंशन के बीच कोई सीधा रास्ता नहीं है, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि वह जल्द ही इस रास्ते को बनवाने की दिशा में जरूरी कदम उठाएंगे। अब यह रास्ता आरम्भ हो गया है। शुभारंभ अवसर पर पहुंचे दुष्यंत चौटाला का मॉडल टाउन एक्सटेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी ने धन्यवाद जताया। अपने संबोधन में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह सरकार का दायित्व होता है कि जनता को कोई परेशानी ना हो और इसी लक्ष्य को लेकर राज्य सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। गठबंधन सरकार ने अपने कार्यकाल में जनहित के कई ऐतिहासिक कार्य करवाए हैं। सरकार के लिए जनता का हित सर्वोपरि है और वह निरंतर इसी ध्यय के साथ कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर श्रम मंत्री अनूप धानक, जिला अध्यक्ष अमित बूरा, रघुवीर बूरा, जयपाल बांडाहेड़ी, सत्यवान, मास्टर ताराचंद, योगेश गौतम, शहरी प्रधान तरुण गोयल, प्रधान कृष्ण भट्टी, नरेंद्र दानोदिया, धर्मवीर शर्मा, रिंकू खटाना, हरपाल जांगड़ा, महेंद्र फौजी, राजेंद्र दुहन, बारूराम यादव, हरकेश चौहान, पवन सैनी, राकेश सेन, ओम प्रकाश खरब्ला, सुभाष बेरवाल, अजमेर ढांडा, दीपधर पूनिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भाजपा नेता पवन शाहपुर द्वारा आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप ने की शिरकत

## कहा - आज देश में एक ही गारंटी चलती है और वो है मोदी जी की गारंटी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**असंध, 11 दिसम्बर :** निकटवर्ती गांव पपोड़ा में आज भाजपा नेता पवन शाहपुर द्वारा आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद कुलदीप ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लहर है और 2024 में असंध हलके में भी कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि आज देश में एक ही गारंटी चलती हैऔर वो है मोदी जी की गारंटी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत से यह बात साफ हो गई है। आज मोदी जी की बराबरी वाला देश में एक भी नेता नहीं है। उनके नेतृत्व में देश ऊंचाईयों को छू रहा है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उनके सपने को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के चुनाव परिणामों से एक बात तो पूरी तरह से साफ हो गई है कि 2024 में केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार तीसरी बार बनना बिल्कुल तय है और हरियाणा में भी भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी, ऐसा मेरा मानना है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी देश में, प्रदेश में पूरी तरह से दिशा भटक गई है। हरियाणा में कांग्रेस हुड्डा पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि भाई पवन शाहपुर जी आपका नुमाइंदा बनकर विधानसभा में पहुंचेगा तो असंध हलके में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। करनाल लोकसभा के साथ भजनलाल परिवार का पुराना नाता रहा है। जब-जब भी मैं करनाल लोकसभा में आता हूं तो एक अपनापन महसूस होता है। हिसार के बाद करनाल हमारा दूसरा घर है। उन्होंने 26 दिसंबर का अपने बेटों की शादी समारोह में आदमपुर पहुंचने का न्यौता देते हुए कहा कि आप सब सपरिवार आदमपुर पहुंचकर चौ. भजनलाल के पौतों और बहुओं को आशीर्वाद देने पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक रमेश कश्यप, रणधीर पनिहार, योगेन्द्रनाथ मल्होत्रा, विनोद निर्मल, मनोजराहुल सरपंच, पोपड़ा, राजकुमार प्रधान जुंडला मंडी, जसवंत, चन्द्रभान, धर्मेन्द्र चौहान, दीपक छाबड़ा, डॉ. सोहनलाल, नरेन्द्र बाता, गुलाब सिंह नीलोखेड़ी, अमन शर्मा, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सुरभि कला संस्थान हिसार में संपन्न हुई दो दिवसीय पेंटिंग वर्कशॉप

## निरंतर कला साधना से ही एक कुशल चित्रकार व सृजन करता का निर्माण होता है : चित्रकार भीम सिंह बेरवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** सुरभि कला संस्थान एवं आर्ट गैलरी में विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मेरठ से आए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार अनस सुल्तान ने प्रतिभागियों को पोट्रेट, पेंटिंग व क्रियात्मक संयोजन करने की सरल विधियां, चारकोल द्वारा स्केचिंग के साथ-साथ क्रिएटिव पेंटिंग करने के लिए अनेकों प्रकार के धरातल का निर्माण करने की सरल विधियां सिखाई। संस्थान के प्रबंधक संस्थापक डॉ राजेश जांगड़ा व डॉक्टर गीता जांगड़ा ने बताया कि यह संस्थान पिछले 23 वर्षों से छात्र-छात्राओं का निरंतर मार्गदर्शन कर रहा है और हर माह राष्ट्रीय ,अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित करके विद्यार्थियों की कला को निखारने व कला की बारीकियां सिखाने हेतु संकल्पित है ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े और वह कुशल चित्रकार बन सके। संस्थान की संचालिका कुमारी सुरभि जांगड़ा ने बताया कि इस कार्यशाला में हरियाणा राज्य के अनेकों जिलों से आए 15 कला अध्यापक-अध्यापिकाओं के अतिरिक्त 45 छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि हिसार के प्रसिद्ध वरिष्ठ चित्रकार भीम सिंह बेरवाल में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रकट करते हुए उनके द्वारा निर्मित चित्रों की मुक्त खंड से प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में मेरठ से आए अन्य चित्रकार अजय कुमार व अमर सहित अनेको गणमानय व्यक्ति उपस्थित थे रहे।

# मंत्री जी वादा आपसे साथ रहेंगे हम : सम्मेलन में प्रो छत्रपाल सिंह को कार्यकर्ताओं ने किया वादा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** बरवाला के धिकताना गांव में रविवार कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री प्रो छत्रपाल सिंह के समर्थन में आगे की चुनावी रणनीति तैयार की और हमेशा साथ रहने का वादा किया। प्रो छत्रपाल सिंह ने जैसे ही गांव में प्रवेश किया, गांव के वरिष्ठ जनों व बुजुर्ग महिलाओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। बलबीर, बारु नंबरदार, राजपाल, रणधीर, लीला व्यापारी व ईश्वर फौजी ने पगड़ी पहनाकर प्रो साहब का स्वागत किया। राजू ठेकेदार के बड़े भाई राजेंद्र ने ग्यारह हजार और पूनम देवी व संतोष देवी ने भी ग्यारह हजार के नोटों को माला देकर मैडम गुरजिंदर कोर और प्रो छत्रपाल सिंह जी का कार्यक्रम में स्वागत किया। धिकताना गांव से दलीप कोच ने प्रो साहब का मंच पर स्वागत किया और कहा कि प्रो साहब की बदौलत हमारे क्षेत्र को पूरे देश में पहचान मिली। सर्व जातीय अध्यक्ष बलवान सुंडा ने कहा कि प्रो साहब के साथ पुराना नाता है और मैं इस भाईचारे को हमेशा बनाए रखूंगा। उन्होंने कहा कि हम तन मन और धन हर तरह से प्रो साहब के साथ हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रो छत्रपाल सिंह ने कहा कि आप सबसे मिले प्यार और मान के लिए में हमेशा आपका आभारी रहूंगा। ये क्षेत्र मुझे हमेशा ही अपना घर लगता है। यहां तक कि बाहर तो मुझे कहा ही यही जाता है कि मैं घिराय चालिसा का बेटा हूं। पहले 1991 में आप सभी के बुजुर्गों ने मेरे सर पर अपना हाथ रखा था और अब आप सभी का प्यार भी मिलेगा ऐसी उम्मीद है। मेरा उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि मैं अपने क्षेत्र का विकास करू और अपने लोगों का विकास करू। इसी के मद्देनजर पहले मैने तकनीकी शिक्षा पर काम किया जिसका परिणाम आज भी आप सभी के सामने है। हजारों छात्र हर साल सरकारी संस्थानों से तकनीकी शिक्षा हासिल कर अच्छी नौकरियां कर रहे है। मुर्थल और हिसार में बने दो तकनीकी विश्वविद्यालय मेरे ही प्रयासों का परिणाम है। खेदड़ थर्मल प्लांट से लेकर, घर घर तक पानी की टूंटी पहुंचाने का काम भी उसी समय में किया गया था। प्रो छत्रपाल के संबोधन के अंत में वहां उपस्थित हजारों लोगों ने हाथ उठाकर प्रो साहब का समर्थन करने का संकेत दिया। इस पर प्रो साहब ने कहा कि जो विश्वास आप लोग मुझमें दिखा रहे है, मैं वादा करता हूं कि यदि पतवार मेरे हाथों में आई तो संसद तक हमारे क्षेत्रों की दहाड़ पहुंचेगी।

# वकीलों का खेल के लिए समय निकालना सराहनीय : रतन सैनी

## जिला बार एसोसिएशन द्वारा टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे भाजपा नेता रतन सैनी




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** जिला बार एसोसिएशन द्वारा कैमरी रोड स्थित सोफिया क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित की जा रही टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रतन सैनी बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने तीसरे दिन के मुकाबलों का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यातिथि भाजपा नेता रतन सैनी ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अहम हिस्सा रखते हैं। खेल व्यक्ति को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि वकील जो हमारे समाज का अहम अंग हैं वो अपने व्यस्तम समय में से समय निकाल कर क्रिकेट खेल रहे हैं जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर तिलकराज सूबेदार, एडवोकेट अनिल जलंधरा, एडवोकेट अरूण शर्मा व प्रतियोगिता के डायरेक्टर एडवोकेट सुनील तिवारी भी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने की मिलेगी प्रेरणा : डॉ. आर.सी. अग्रवाल

## हकृवि में आयोजित दो दिवसीय स्टूडेंट एंगेजमेंट कॉन्क्लेव का हुआ समापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से दो दिवसीय स्टूडेंट एंगेजमेंट कॉन्क्लेव का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि डॉ. आर.सी.अग्रवाल ने अपने संबोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना एनएएचईपी की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कृषि विश्वविद्यालयों में उपरोक्त परियोजना के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों में तेजी से विकास हुआ है। इस परियोजना के अंतर्गत आईडीपी इस्ट्रीट्यूशनल प्लान के तहत कृषि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण व शोध के लिए विभिन्न देशों के कृषि विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों में भेजा जा रहा है ताकि विद्यार्थियों के अंदर आत्मविश्वास विकसित हो व उनके विजन में भी वृद्धि हो। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक ने एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के द्वारा सभी लक्ष्यों की प्राप्ति करने पर प्रशंसा जाहिर की, जोकि हम सभी के लिए गर्व की बात है। मुख्यातिथि ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की आईडीपी इकाई की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रोजेक्ट के तहत 2 हजार से अधिक विद्यार्थी 55 देशों में शोध एवं प्रशिक्षण के लिए भेजे गए थे, जिसके माध्यम से कृषि क्षेत्र में नए शोध, तकनीकों, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रोजेक्ट के तहत 450 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एमओयू हुए है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी अपने अनुभवों के आधार पर स्वरोजगार स्थापित करें व दूसरों को भी रोजगार देने वाले बने। साथ ही वे अपने विषयों में प्राप्त आधारभूत जानकारी पर निर्भर न रहकर उसकी गहन जानकारी प्राप्त करें। इसके अलावा विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में मार्केटिंग के नए-नए तरीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों जैसे-जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, खाद्य भंडारण, पोषण सुरक्षा सहित अन्यों से निदान के लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाना होगा। मुख्यातिथि अग्रवाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र की नई-नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए विद्यार्थियों को प्रयास करने चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विश्वविद्यालय, दापोली, गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, शेर ए कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू, वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, परभणी, शेर ए कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कश्मीर व डॉ. वाई.एस.परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन से एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के अंतर्गत विदेश के शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं इससे जुड़े सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, शोधार्थी सहित विद्यार्थी मौजूद रहें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने मुख्यातिथि सहित सभी का स्वागत किया, जबकि स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता एवं आईडीपी परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. के.डी.शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच का संचालन डॉ. अमिता गिरधर व छात्रा स्नोवर ने किया।

## हकृवि अपने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय तकनीक व एक्सपोजर देने में निभा रहा अग्रणी भूमिका : कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में विश्वविद्यालय में एनएएचईपी परियोजना के बारे बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उच्चतर कृषि शिक्षा परियोजना कृषि क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा को मजबूती देने हेतु भारत सरकार की एक अहम परियोजना है, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों में संस्थागत विकास को मजबूत करने व अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने और कृषि के क्षेत्र में शिक्षकों व विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ढांचागत विकास, पाठ्यक्रम विकास, फैकल्टी क्षमता विकास, नवाचार व उद्यमिता के साथ संस्कृति को बढ़ावा देना इस परियोजना के मुख्य उद्देश्य हैं। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट 2018 से क्रियान्वित है, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विदेशी संस्थानों एवं कृषि विश्वविद्यालयों के साथ अनुबंध किए है। इस प्रोजेक्ट के तहत हकृवि में 5 प्रयोगशालाएं एवं 14 व्याख्यान कक्षों का नवीनीकरण किया है व नए उपकरण एवं पुस्तकें भी खरीदी है। हकृवि के 32 शिक्षकों ने उपरोक्त परियोजना के तहत विभिन्न देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पौलेंड इत्यादि देशा में आयोजित प्रशिक्षणों, कार्यशालाओं में हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के 102 विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जबकि 44 विद्यार्थी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हकृवि ने दो अंतर्राष्ट्रीय व एक राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल रूप से आयोजित किए है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में उद्यमिता प्रशिक्षण भी आयोजित किए गए व 8 कौशल विकास प्रशिक्षण, एक आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित एक प्रशिक्षण व कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए 5 स्टार्टअप भी शुरू किए गए है। प्रो. काम्बोज ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे विदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों से सीखी गई तकनीकों को अपने साथियों के साथ साझा करें व देश को कृषि क्षेत्र में मजबूती प्रदान करें। साथ ही कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि को एक व्यवसाय के रूप में अपनाएं।

# हेल्थ चेकअप कैंप में 207 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने महावीर कालोनी स्थित श्री श्याम मंदिर व धर्मशाला में मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। इसमें लोगों के शूगर, कोलेस्ट्रोल और बीएमडी टेस्ट किए गए। कैंप का आयोजन एक्साइज इंस्पेक्टर मुकेश सैनी की अध्यक्षता में किया गया और करीब 207 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। मैक्स लैब की टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर भविष्य में भी इसी प्रकार का मेडिकल जांच कैंप लगाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति के जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल सैनी, युवा जिला अध्यक्ष रवि सैनी जमालपुरिया, उपाध्यक्ष रमेश सैनी एलआईसी वाले, आर्किटेक्ट नरोत्तम गौरीवान, कुलदीप शैट्रिंग वाले, रमेश मास्टर, रमेश प्रधान, सचिन ग्रोवर, मनोज कुमार, नवीन कुमार सैनी, सोनू कुमार व अन्य मौजूद थे।

# कृषि मंत्री जेपी दलाल के विरुद्ध सुनाया फैसला, दिखाएंगे काले झंडे : दिलबाग हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** गत शनिवार को लोहारू हलके के गिग्नाऊ में सर्व खापों, सभी किसान संगठनों, संयुक्त किसान मोर्चा आदि में भारी संख्या में पुरुष और महिलाएं शामिल हुई। मंत्री के द्वारा बहन बेटियों के विरुद्ध की गई अमर्यादित टिप्पणी पर सभी ने निंदा जाहिर की। संयुक्त किसान मोर्चा व सभी खापों ने सभी के विचार सुनने के बाद निर्णय लिया और खाप प्रधान कर्मवीर श्योराण को फैसला सुनाने के लिए नामित किया गया। दिलबाग हुड्डा लूदास ने बताया कि लोहारू हल्का में मंत्री के आने पर काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा और पूरे हरियाणा में जहां भी जाएगा वहां भी इसी प्रकार काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा। इस मौके पर वहां पर पहुंचे किसान नेताओं ने सभा को संबोधित किया, जिसमें मुख्य रूप से राकेश टिकैत, दिलबाग हुड्डा, जोगिंदर, सुरेश कोथ, विकास, बलबीर सिंह, जगबीर, शमशेर, कुलदीप, रामवीर ढांडा, विजय जागलान, अमर सिंह श्योराण, सोमवीर, हवा सिंह हिन्द्वान आदि काफी संख्या में मौजूद थे।

# पांच फरवरी को क्रांतिमान पार्क के पास किसान चौक पर मूर्ति स्थापित की जाएगी : दलजीत पंघाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** अखिल भारतीय किसान संघर्ष समिति पंघाल गुट के हरियाणा के अध्यक्ष दलजीत पंघाल ने कहा कि अब मूर्ति पांच फरवरी को क्रातिमान पार्क के पास किसान चौक पर किसान की मूर्ति स्थापित की जाएगी। ङ्गन्होंने बताया कि पांच फरवरी तक मूर्ति तैयार हो जाएगी और अगर किसान चौक के साथ छेडछाडी की किसानों द्वारा विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल तेज सर्दी के कारण धरना स्थपित कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर किसान चौक के साथ सरकार द्वारा छेडछाड की जाती है किसानों द्वारा विरोध किया जाएगा। समति के अध्यक्ष दलजीत पंघाल ने कहा कि किसानों की 21 सदस्यों की टीमो का गठन किया हुआ है। धरना अठाईस दिनों से लगातार चल रहा था। अब धरना सर्दी के चलते स्थगित किया गया है। फिलहाल किसानों का विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा मांग करते हुए करते हुए कहा कि कमेरे वर्ग के लोगों का कर्जा माफ किया जाए। किसानों व दुकानदारों का कर्जा माफ किया जाए। उन्होंने कहा कि तीन सौ यूनिट बिजली निशुल्क दी जाए और आम लोगों को साढे चार सौ रुपये का गैस सिलेंडर दिया जाए। इस मौके पर अध्यक्ष दलजीत पंघाल, सुरेंद्र सिंह काजला, राजबीर, रामनिवास, दिलबाग, अजय बारु, नूर मोहमद, वजीर, सरेश रोहि विकास, अभिषेक, विकास वालमीकि, धर्म सिंह भगाना मौजूद थे।

# श्रम मंत्री अनूप धानक ने गांव सरहेड़ा पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** श्रम मंत्री अनूप धानक ने रविवार को गांव सरहेड़ा पंहुचकर हरियाणवी कलाकार सुरेश पूनिया के चचेरे भाई राजेश पुनिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजेश पुनिया एक सामाजिक व्यक्ति थे, जो एक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढचढकर भाग लेते थे। श्रम ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं परिवार जनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि हम इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके हल्का प्रधान अनिल बालकिया, धूप सिंह, शमशेर उर्फ भूरिया, सतीश मतलोडा, राजा प्रधान आदि मौजूद रहे।

# 15 दिसंबर से हरियाणा में बदलाव यात्रा शुरू करेगी आम आदमी पार्टी : दलबीर किरमारा

**'इब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने' के संदेश को लेकर जनता के बीच जाएगी आम आदमी पार्टी**




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष दलबीर किरमारा ने रविवार को सेक्टर 14 स्थित आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय से प्रेस वार्ता की। उनके साथ लोकसभा अध्यक्ष पवन फौजी व शहरी जिलाध्यक्ष रविंद्र श्योराण भी मौजूद रहे। ग्रामीण जिलाध्यक्ष दलबीर किरमारा, लोकसभा अध्यक्ष पवन फौजी व शहरी जिलाध्यक्ष रविंद्र श्योराण ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बदलाव यात्रा निकलेगी। 'इब हरियाणा के लाल ने एक मौका केजरीवाल ने' के नाम से प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। गस यात्रा के माध्यम से 15 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि सिरसा से शुरू होने वाले यात्रा का नेतृत्व डॉ. अशोक तंवर करेंगे। महेंद्रगढ़ से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व अनुराग ढांडा करेंगे। कालका से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व चौ. निर्मल सिंह करेंगे जबकि फरीदाबाद से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व डॉ. सुशील गुप्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद से शुरू हुई यात्रा जींद में खत्म होगी। सिरसा से शुरू हुई यात्रा भिवानी में और कालका से शुरू हुई यात्रा पानीपत में और महेंद्रगढ़ से शुरू हुई यात्रा कैथल में खत्म होगी। इसके तहत 90 विधानसभाओं का दौरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान हरियाणा की बदहाल स्थिति के बदलाव के लिए प्रदेश की जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें प्रदेश के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगें। उन्होंने कहा कि सुबह से शुरू होकर यात्रा का ठहराव गांवों में किया जाएगा। ग्रामीण जिलाध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा कि 15 दिसंबर से शुरू होने वाली यात्रा में प्रदेश के आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। 10 दिन चलने वाली यात्रा के माध्यम से 90 विधानसभाओं और 10 लोकसभा क्षेत्रों में जाने का काम करेंगे और प्रदेश के चारों कोनों से शुरू होने वाली यात्रा पूरे प्रदेश में बदलाव का संदेश देगी। हिसार लोकसभा अध्यक्ष पवन फौजी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में नया हरियाणा बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज सत्तासीन पार्टियां और विपक्ष पूरी तरह से फेल हो चुका है। आम आदमी पार्टी ही जनता के सामने मजबूत विकल्प है। किसान, मजदूर, गरीबों के उत्थान, चिकित्सा, बेहतर शिक्षा और युवाओं के रोजगार के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगे। शहरी जिलाध्यक्ष रविंद्र श्योराण ने राजनीति से विमुख हुए लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि विभिन्न पार्टियों की जनविरोधी नीतियों से परेशान होकर राजनीति से दूरी बनाने लोग आम आदमी पार्टी में शामिल होकर भ्रष्टाचार, युवाओं के रोजगार और प्रदेश में फैलते नशे के विरुद्ध आवाज बुलंद करने का काम करें।

# 121 करोड़ रुपये की सौगात में तलवण्डी राणा के 2.6 किलोमीटर मार्ग को भी शामिल किया जाए: ओ.पी. कोहली

**उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप शेष बचे 2.5 किमी मार्ग को जल्द बनवाने की मांग करेंगे**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** गांव तलवंडी राणा बाईपास पर दिए जा रहे धरने के 307 दिन बीत जाने के बावजूद भी ग्रामीणों की रोड़ की मांग को सरकार ने आधा-अधूरा ही पूरा किया है। धरने को संबोधित करते हुए तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने 2.6 किलो मीटर का रोड़ तो मंजूर कर दिया, जो आगे का का 2.6 किलोमीटर रोड़ बचा हुआ है, उसकी भी जल्द मंजूरी दी जाए। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री हिसार जिले को 121 करोड़ रुपये के सड़कों की सौगात देने हिसार आ रहे हैं। समिति उनसे मिलकर शेष बचे 2.6 किलोमीटर के मार्ग को भी इस सौगात में जोड़ने के लिए ज्ञापन सौंपेगी। कोहली ने बताया कि साढ़े दस महीनों से धरने पर बैठे ग्रामीणों को सरकार द्वारा प्रस्तावित 5.4 में से 2.6 कि.मी. रोड पर कार्यवाही तो शुरू हो चुकी है लेकिन अभी तक इस रोड का काम फाइनल स्टेज पर एनओसी क्लियरेंस के लिए अटका हुआ है। वहीं इसके आगे का 2.6 कि.मी. का सड़क मार्ग जो कि गैस प्लांट से लेकर तलवंडी राणा माइनर तक है उसकी कोई फाइल ही नहीं चलाई गई है। हमारी उप-मुख्यमंत्री से मांग है कि इस 2.6 कि.मी. के रोड की फाइल को भी जल्द से जल्द से चलाकर ग्रामीणों को स्थायी सड़क मार्ग दिया जाए ताकि उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# श्री श्याम गौशाला मिंगनीखेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**जब हमारे जीवन में सद्गुण का उदय होता है तब स्वर्ग आता है : संत गोपीराम**





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** श्री श्याम गौशाला मिंगनी खेडा में आयोजित श्री मद्भावगत कथा के समापन अवसर पर श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास संत श्री गोपी राम ने भागवत कथा के दौरान कहा कि शरीर को ठीक रखने के लिए आसन हैं, क्रिया को नियन्त्रित करने के लिए प्राणायाम हैं और इन्द्रियों को संयमित करने के लिए प्रत्याहार है। मन को एक स्थान में करने के लिए धारणा है, अमूक काल तक वश में करने के लिए ध्यान है तथा अमुक वस्तु में मिला देने के लिए समाधि है। जब हमारा मन घोर अन्धकार में, तमोगुण में पड़ जाता है, तब उसका नाम नरक हो जाता है। जब हमारे जीवन में सद्गुण का उदय होता है तब स्वर्ग आ जाता है। संत गोपीराम ने कहा कि भागवत में उद्धवजीने यह प्रश्न कर दिया कि जब मूल में एक ही तत्त्व है तब यह करो, यह न करो - ऐसा विधान क्यों? दोष-दृष्टि के बिना तो विधान और निषेध बनता ही नहीं है। भगवन्, आपने तो मुझको यही उपदेश दिया है कि गुणकी दृष्टिसे शुभाचरणका पालन है और दोषको दृष्टिसे अशुभाचरणका परित्याग है। इस अवसर पर पूजनीय संत श्री गोपी राम जी महाराज का धन्यवाद करते हुए संस्था अध्यक्ष सज्जन गर्ग ने कहा कि कथा श्रवण का जो आनंद हम सब ने उठाया है यह भगवान की विशेष कृपा से ही संभव हो पाया है उसकी कृपा के बगैर कुछ भी नहीं मिलता। सज्जन गर्ग ने कहा कि संत गोपीराम ने गौ माता के बारे में गौ महिमा के बारे में बहुत कुछ बताया कि हमें गौ माता की सेवा करनी चाहिए चाहे तन से मन से धन से जो भी हम कर सकते हैं आपने बताया कि अपनी कमाई को शुद्ध करने के लिए उसका कुछ हिस्सा हमें गौशाला में दान देना चाहिए। कथा में मुख्य रूप से प्रकाश चन्द्र गुप्ता, कैलाश चौधरी, बजरंग जिन्दल, पवन जिन्दल, डॉ. राजीव राजवंशी, डॉ. बाल किशन गुप्ता, देवेन्द्र कोहलीवाला, मधुसूदन गुप्ता, डॉ. राज पराशर, डॉ. अनीता गोस्वामी, आशा गुप्ता, अशोक गुप्ता, डॉ. संध्या गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी बंसल, पवन गोयल, पुरुषोत्तम तायल, किरोड़ी मल गोयल, अजय जिन्दल, प्रधान सज्जन गर्ग, मंजू गर्ग, डॉ. चारू राणा, डॉ. ऋषि राणा, अनिल महाजन, बृजमोहन डालमिया, जयदीप गर्ग, अंकुर पोपली, सुभाष पोपली सहित आसपास के गांवों से अनेक महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति रही।

# सनातन का आधार है ओंकार : आचार्य बसंत




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार ने अपने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। आचार्य बसंत ने कुंडलिनी ध्यान करवाते हुए बताया कि कुंडलिनी का पूरा विज्ञान मूलाधार से ऊर्जा को दसवें द्वार तक पहुंचाने का है। कुंडलिनी ध्यान में सभी चक्रों पर समान रुप से कार्य किया जाता है। जैसे-जैसे हमारे यह चक्र एक्टिव होते हैं तो स्वास्थ्य, संयम, सुरक्षा और प्रेम हमारे जीवन में विकसित होते हैं इसलिए यह आपकी जागरुकता को बढ़ाता है और आपको अपने अहंकार से आगे बढ़ने में मदद करता है। इस ध्यान से आपकी कुंडलिनी ऊर्जा या शक्ति को सक्रिय करना है। सनातन का आधार ओंकार है। ध्यान का समापन उत्सव के साथ किया और सभी मित्र बहुत ही आनंदित और ऊर्जावान महसूस कर रहे थे। आज के सैशन में 70 से अधिक मित्रों ने हिस्सा लिया। हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने बताया कि ओशोधारा के सारे कार्यक्रम आध्यत्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बहुत ही उच्च कोटि हैं और हर घर ध्यान हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ओशोधारा ने हर सप्ताह देश में कहीं न कहीं 3 दिवसीय कार्यक्रम रखने का निर्णय किया है। कल 11 दिसम्बर को ओशो जन्मोत्सव पर मुरथल आश्रम में शाम को कार्यक्रम होगा। उसमें अधिक से अधिक लोगों का पहुंचने का आह्वान किया।

# जिला क्रॉस कंट्री रेस : लड़कियों में प्रीति और लड़कों में सौरव ने मारी बाजी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** एथलैटिक्स हिसार की ओर से निकटवर्ती गांव खेड़ी बरकी में लड़के व लड़कियों के वर्ग की जिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। एक दिवसीय इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेविका संजना सातरोड, विशिष्ट अतिथि विजय कत्याल, मास्टर वीरेंद्र सेठी रहे जबकि इसकी अध्यक्षता सरपंच हंसराज नापा ने की। एथलैटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा और वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 31 दिसम्बर को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला हिसार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर मास्टर वीरेंद्र, शमशेर, सुधीर, राजेंद्र, प्रदीप, लोकेश, अमन आदि मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे**

लड़कों के ओपन वर्ग की 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम विकास, द्वितीय विनोद, तृतीय अभिषेक रहे। ओपन वर्ग की 10,000 मीटर के लड़कियों के वर्ग में प्रथम अंजू, द्वितीय मोनिका, तृतीय सुमन रही। 20 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों में प्रथम सौरव, द्वितीय विशाल, तृतीय अमन रहा। 20 वर्ष लड़कियों में प्रथम प्रीति, द्वितीय साक्षी व पूजा शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयु 18 वर्ष लड़के के वर्ग में प्रथम मोहित, द्वितीय विशाल व तृतीय स्थान पर विकास रहा। 18 वर्ष लड़कियों के वर्ग में प्रथम रेनू, द्वितीय प्रियंका, तृतीय आंचल रही। 16 वर्ष लड़कों के वर्ग में प्रथम सचिन, द्वितीय साहिल, तृतीय सुखविंदर, 16 वर्ष लड़कियों में प्रथम मुस्कान, द्वितीय अनु और तृतीय स्थान पर पूजा रही।

# कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ का आंदोलन जारी, सीएम को सौंपेंगे 12 को ज्ञापन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ ने अपनी मांगों को लेकर पैदल यात्रा का शुभारंभ ऋषि मारकंडेश्वर मंदिर, शाहाबाद से आरंभ किया। यात्रा का संचालन प्रदेश के अध्यक्ष विजय सिंह ने किया तथा संचालन में प्रदेश के महामंत्री सुशील कुमार ने अग्रिम भूमिका निभाई। यात्रा को झंडी दिखाने के लिए हवा सिंह मेहला प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ हरियाणा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। जैसे ही मंदिर परिसर से यात्रा का शुभारंभ किया गया, जिला प्रशासन की तरफ से ड्यूटी मैजिस्ट्रेट अशोक कुमार तहसीलदार व डीएसपी रणधीर सिंह द्वारा यात्रा को रोकते हुए सरकार के अधिकारियों से बातचीत करवाने का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ की तरफ से सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के साथ-साथ प्रदेश संगठन का मांग पत्र भी जिला प्रशासन को सोंपा गया लेकिन जिला प्रशासन के साथ कोई सहमति नहीं बनने पर सभी सदस्यों द्वारा पूर्व निर्धारित शाहबाद से कूच करने का निर्णय किया गया। 3 घंटे की जदोजहद् के बाद प्रदेश से आए सदस्यों में से लगभग 250 सदस्यों ने अपनी गिरफ्तारी जिला प्रशासन को दे दी लेकिन जिला प्रशासन व सरकार द्वारा आनन फानन में संगठन के प्रतिनिधियों से दूसरे दौर की बातचीत के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहाबाद को भेजा गया। हरियाणा सरकार से मांगों के प्रति बातचीत सकारात्मक नहीं होती तो 12 दिसम्बर को पंचकूला के सेक्टर 5 में शिक्षा सदन के पीछे हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल के सभी सदस्य इकट्ठे होकर मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ पर ज्ञापन सौंपेंगे। हवा सिंह तंवर प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ, राजेश गौतम प्रदेश संयोजक, सुखविंदर सिंह प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष, दिनेश कुमार प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शमशेर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, सुखविंदर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, राजीव सहारण प्रदेश उप महामंत्री, जितेंद्र काद्यान अध्यक्ष अनुशासन समिति, अंजू बाला प्रदेश कोषाध्यक्ष, दिवाकर गोयल सह कोषाध्यक्ष, रवि राज प्रेस सचिव, राजेश श्योकंद प्रैस प्रवक्ता, पवन कौशिक, मुकेश सिहाग, अनिल कुमार जिला अध्यक्ष भिवानी, सुनील मेहरा जिला अध्यक्ष जींद, देवीलाल जिला अध्यक्ष फतेहाबाद, प्रमोद कुमार जिला अध्यक्ष कुरुक्षेत्र, गुरप्रीत उर्फ टोनी जिला सचिव कुरुक्षेत्र, विनय शर्मा जिला अध्यक्ष पंचकूला, संदीप राठी जिला अध्यक्ष झज्जर, अजय कुमार जिला अध्यक्ष चरखी दादरी, अजय वीर जिला अध्यक्ष यमुनानगर के साथ सैंकड़ों जिलों व प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सोनिया त्रिखा खुल्लर एचपीएससी की सदस्य नियुक्त

## 6 वर्षों का होगा कार्यकाल, आयोग में होंगी तीसरी महिला मेम्बर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 11 दिसम्बर :** हरियाणा लोक सेवा आयोग (एच.पी.एस.सी.) में सदस्य का एक पद, जो गत सप्ताह 4 दिसंबर को ही दिसंबर, 2017 में नियुक्त डॉ. पवन कुमार का 6 वर्ष कार्यकाल पूरा होने के कारण रिक्त हुआ है, पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की धर्मपत्नी डॉ. सोनिया त्रिखा खुल्लर की नियुक्ति की गयी है।

डॉ. सोनिया मौजूदा तौर पर के राज्य के स्वास्थ्य विभाग में बतौर महानिदेशक (डायरेक्टर जनरल) पद पर तैनात है और वह साथ साथ विभागाध्यक्ष (एच.ओ.डी.) भी हैं। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के मंत्री अनिल विज और उनके बीच हुए कुछ विवाद के चलते प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें अवकाश पर भेजने का निर्णय लिया गया था एवं ऐसा भी तय किया गया कि अवकाश से लौटने के उपरान्त उन्हें स्वास्थ्य विभाग के विभागाध्यक्ष के स्थान पर किसी अन्य पद पर तैनात किया जाएगा। ऐसे में उनकी एच.पी.एस.सी. में सदस्य पद पर नियुक्ति निश्चित तौर पर आधिकारिक और राजनीतिक गलियारों में आश्चर्यजनक है।

बहरहाल, इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि चूँकि मौजूदा तौर पर डॉ. सोनिया प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग में डायरेक्टर-जनरल के पर कार्यरत है, इसलिए उन्हें सर्वप्रथम सरकारी सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पड़ेगी जिसके बाद ही उन्हें राज्यपाल द्वारा एच.पी.एस.सी. के सदस्य के तौर पर शपथ दिलाई जायेगी। डॉ. सोनिया की हरियाणा सरकार की सेवा से रिटायरमेंट में अभी दो वर्ष का समय शेष है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 (2) के अनुसार राज्य लोक सेवा आयोग में चेयरमैन और सदस्यों का कार्यकाल नियुक्ति के छः वर्षों तक या उनकी आयु के 62 वर्ष होने तक, जो भी पहले हो, तक होता है। अगले माह जनवरी,2024 में डॉ. सोनिया 56 वर्ष की होंगी इसलिए डॉ. सोनिया का पूरे छः वर्ष तक अर्थात दिसंबर,2029 तक हरियाणा लोक सेवा आयोग में सदस्य के तौर पर कार्यकाल होगा।

हेमंत ने एक रोचक जानकारी देते हुए बताया कि आज से दस वर्ष पूर्व वर्ष 2013 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के प्रधान सचिव रहे एम.एल. तायल की धर्मपत्नी डॉ. सविता तायल को तत्कालीन सरकार द्वारा एच.पी.एस.सी. का सदस्य नियुक्त किया गया था। इस प्रकार गत दस वर्षों में डॉ. सोनिया आयोग में सदस्य के तौर पर नियुक्त होनी वाली प्रदेश के दो मुख्यमंत्रियों के प्रधान सचिव रहे दो अलग-अलग आईएएस अधिकारियों की धर्मपत्नी के तौर पर दूसरी महिला होंगी। खुल्लर नवंबर, 2015 से अक्टूबर, 2020 तक वर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव रहे जबकि इसी वर्ष 31 अगस्त, 2023 को आईएएस से सेवानिवृत्त के बाद वह मौजूदा तौर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के नाम से सृजित पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. सोनिया मौजूदा हरियाणा लोक सेवा आयोग में तीसरी महिला सदस्य होंगी। इसी वर्ष 10 अप्रैल 2023 को ममता यादव को आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया था। रेवाड़ी जिले की मूल निवासी ममता ने नियुक्ति से कुछ दिन पूर्व ही समाजशास्त्र के प्रवक्ता पद से त्यागपत्र दिया था। उससे पूर्व गत वर्ष 23 सितम्बर 2022 को हिसार जिले की मंडी आदमपुर से ज्योति बैंदा को आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया था। ज्योति आयोग में सदस्य बनने से पूर्व लगातार 6 वर्षों तक हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन रही थीं।

इस प्रकार आयोग में इस वर्ष नियुक्त ममता यादव का कार्यकाल अप्रैल, 2029 तक होगा। वहीं गत वर्ष नियुक्त महिला सदस्य ज्योति बैंदा का कार्यकाल सितम्बर, 2028 तक होगा। मौजूदा समय में एचपीएससी में चेयरमैन के अलावा पांच सदस्यों के ही स्वीकृत पद हैं।

ज्ञात रहे कि 3 वर्ष पूर्व अक्तूबर, 2020 में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के तत्कालीन ए.डी.सी. रहे आलोक वर्मा, जो सेवानिवृत्त आई.एफ.एस. (भारतीय वन सेवा) अधिकारी भी रहे हैं, को आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। वह अक्टूबर, 2026 अर्थात पूरे छः वर्ष तक इस पद पर रहेंगे।

हेमंत ने आगे बताया कि कि संविधान के अनुच्छेद 316 (1) के अनुसार आयोग में कम से कम आधे सदस्य ऐसे होने चाहिए जिन्होंने नियुक्ति के पहले न्यूनतम 10 वर्षो तक केंद्र सरकार या राज्य सरकार के अधीन किसी पद पर रह चुके हों। हालांकि सरकारी सरकारी सेवा पृष्ठभूमि से बाने वाले सदस्यो की संख्या आधे से ऊपर भी हो सकती है। आज की तारीख में एचपीएससी में चेयरमैन सहित मौजूदा तीन सदस्य सरकारी सेवा पृष्ठभूमि से हैं अर्थात वह नियुक्ति से पूर्व केंद्र या हरियाणा सरकार की सेवा में 10 वर्षो से ऊपर तक रह चुके हैं।

# समाजसेवा की प्रतिमूर्ति थे बी. के. भारती : डॉ. कमल गुप्ता

## भारती सेवा सदन धर्मशाला में मनाया गया स्व. बी.के.भारती का 88वां जन्म दिवस, जरुरतमंद छात्रों को स्वेटरें वितरित





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** दास संस्था द्वारा संचालित भारती सेवा सदन धर्मशाला, बारह क्वार्टर रोड हरि नगर में संस्था के संस्थापक व सेवानिवृत प्रिंसीपल स्व. बी.के.भारती का 88वां जन्म दिवस आज प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया गया। संस्था के प्रधान जितेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि समारोह में केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व हांसी के विधायक विनोद भ्याणा के पुत्र साहिल भ्याणा तथा अंशुल भ्याणा ने मुख्यातथि के रुप में भाग लिया। अध्यक्षता नगर निगम के महापौर गौतम सरदाना ने की। इससे पूर्व सत्संग-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें महिला विंग, इंदिरा कॉलोनी द्वारा कीर्तन किया गया। परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर से संत रामानंद महाराज ने प्रवचन दिये। मंच संचालन कमल हांडा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि समाजसेवी स्व. बी.के.भारती समाजसेवा की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अनेक संस्थाओं का मार्गदर्शन किया जो आज फल-फूल रही हैं। समाज को नई दिशा दिखाने का काम किया। वे युवा वर्ग के लिये प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनका जन्म दिन मनाना बेहद खुशी की बात है। स्व. बी.के.भारती का पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अपने कोष से संस्था को तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। अन्य वक्ताओं ने भी स्व. बी.के.भारती के जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह में अतिथियों ने जरुरतमंद छात्रों को स्वेटरें वितरित की। समारोह में भाजपा के जिला महामंत्री प्रवीन पोपली, रामचंद्र गुप्ता, घनश्याम दास पपनेजा, जवाहर गांधी, राधेश्याम भाटिया, डॉ. विरेन्द्र भारती, लाकेश असीजा, प्रो.पी.पी. तनेजा, हरीश जुनेजा, वेद अरोड़ा, वेद रावल, धर्मेन्द्र मलिक, पार्षद उमेद खन्ना, भूपसिंह रोहिल्ला, पंकज दिवान, भीम महाजन, प्रवीन केडिया, मेहरचंद मनचंदा, टीनू आहुजा, प्रेम चौधरी एडवोकेट, डॉ. हेमन्त आहुजा, मनोहर लाल नांगरु, भीमसैन मक्कड़, किशनलाल बागड़ी, सुरेश कक्कड़, भीमसैन नारंग, अमरनाथ बत्रा, लीला किशन चोपड़ा, सतीश गक्खड़, संजय गाबा सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया श्री गुरु नानक देव जी का 555वां प्रकाश गुरु पर्व

# गुरु महाराज जी द्वारा बताए भलाई के मार्ग पर चल कर, भलाई के कार्य करने चाहिए : डिप्टी स्पीकर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** मानवता की भलाई व जात-पात से ऊपर उठकर बिना भेदभाव के हमें हर जरूरतमंदों, असहायों, लाचारों की हर संभव सहायता करनी चाहिए जिस प्रकार जगत गुरु प्रथम पातशाही धन-धन गुरु नानक देव जी महाराज करते थे। उक्त उदगार रूहानी रागी जत्था भाई लवप्रीत सिंह सिरसा वाले ने स्थानीय पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित गुरुद्वारा में प्रबन्धक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा मनाए गए धन धन श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश गुरुपर्व पर उपस्थित गुरू घर से जुड़ी साध संगतों के बीच व्यक्त किए। शब्द कीर्तन से पूर्व प्रबधंक कमेटी के प्रधान हरमिन्द्र सिंह सूबेदार, महासचिव भूपेन्द्र पाहवा व उपस्थित साध संगतों के बीच श्री अखंड पाठ साहिब का विधिवत रूप से भोग हुआ व गुरुद्वारा के हैड ग्रन्थि सवर्ण सिंह द्वारा सरबत की भलाई की अरदास करवाई। इस मौके पर कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुँचे डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने श्री गुरु नानक देव जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाओं का वर्तमान में भी विशेष महत्व है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इन शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। सिख गुरूओं का अपना एक गौरवशाली इतिहास है। ये साधना का पर्व है। लोक कल्याण और जनसेवा ही धर्म है। इसके अलावा गुरुघर से जुड़ी बीबियों ने शब्द कीर्तन का गान किया। कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारा के हैड ग्रन्थि सवर्ण सिंह द्वारा सरबत की भलाई की अरदास करवाई। व आई साध संगतों के बीच गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र जुनेजा नगर पार्षद ने भी गुरुघर का आशीर्वाद लिया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा को व गुरुघर से जुड़े सेवादारों को किरपाण, सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रधान सूबेदार हरमिंद्र सिंह, महासचिव भूपेन्द्र पाहवा के अतिरिक्त, सरदार मखन सिंह, स्वर्ण सिंह,अजय पाहवा कोषाध्यक्ष,सरदार गुरमीत सिंह नीटू, चंद्र भान गांधी (प्रधान चारों धाम पार्क) खुशपाल सचदेवा एडवोकेट,डॉ दवेंद्र मान, कुलदीप सिंह गावड़ी, रणजीत सिंह जुनेजा, डॉ लख पाल सिंह, हरपाल सिंह , सुरजीत सिंह चावला, राज कुमार ठाकुर, सौरभ सिंह गिरधर ,इंद्र जीत सिंह, अविराज सिंह, गौरव सिंह, सुरेश पाहवा, सुरजीत कौर, सुरेंद्र कौर, गुरमीत कौर, जगजीत कौर, शकुंतला रानी, राज कौर, जनक रानी, राजरानी, राजेश गांधी,अजय खन्ना, गोपाल दास मनचंदा चरण सिंह पाल प्रीतम सिंह, नरेंद्र पाहवा, ओपी मलिक, मनोहर नारंग आदि उपस्थित रहे।

# गांव हिंदवान के बिजली से संबंधित सभी काम तुरंत करवाएं जाएंगे : रणजीत सिंह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** हरियाणा के बिजली एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने गांव हिंदवान स्थित सेवार्थ अखाड़ा व गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में घोषणा की की नलवा हलके के गांव हिंदवान में बिजली से संबंधित सभी समस्याओं का तुरंत समाधान करवाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए। प्रदेश स्तरीय दिशा कमेटी (विकास समन्वय एवं निगरानी) के सदस्य और बिजली विभाग उपभोक्ता शिकायत निवारण फॉरम के सदस्य व हलका नलवा के सामाजिक कार्यकर्ता प्रद्युमन जोशीला नलवा के निमंत्रण पर गांव हिंदवान पहुंचे बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का ग्रामीणों ने फूलमालाओं व सम्मान की प्रतीक पगड़ी से स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सैंकड़ों ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए प्रद्युमन जोशीला नलवा ने बिजली मंत्री का गांव में पहुंचने पर स्वागत करते हुए गांव की तरफ से बिजली से संबंधित कई मांगे मंत्री के सामने रखी। श्री जोशीला ने हिंदवान व आसपास के क्षेत्र के विभिन्न कार्यों की सूची श्री चौटाला को दी। प्रद्युमन जोशीला ने बताया कि श्री सुखदेवानंद महाराज के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# वशिष्ठ दम्पत्ति ने हांसी की बेटी आचार्या वन्दना शास्त्री को किया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 11 दिसम्बर :** आरण्यक वन आश्रम भवाना, नोयल्टा पिंजौर (पंचकूला) में आचार्य प्रभा मित्र एवं ऋषिका आवृत्ति देवी के मार्गदर्शन में मुख्य यज्ञमान विजय वशिष्ठ व सीमा वशिष्ठ एवं समस्त मान्य वशिष्ठ परिवार की ओर से आयोजित चतुर्वेद पारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति के पावन अवसर पर आचार्या वन्दना शास्त्री (सुपुत्री आचार्य श्री सुफल जी हांसी, राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता चण्डीगढ) को यज्ञमान परिवार की ओर से शाल भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आर्य जगत के सन्यासी, महात्मा, विद्वान, भजनोपदेशक, ब्रह्मचारी, विदुषियां व अनेक ऋषि भक्त आर्य जन उपस्थित थे। जिसमें विशेष रूप से मुख्य वक्ता आचार्य प्रदुम्न व यज्ञ की ब्रह्मा आचार्या सुकामा, स्वामी ओंकारानंद एवं पण्डित उपेन्द्र आर्य सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक का मार्ग दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। चण्डीगढ, पंचकूला, मोहाली (ट्राइसिटी) के अनेक गणमान्य जनों ने आरण्यक वन दुर्गम स्थान में पहुंच कर वेदों के प्रति अपनी आस्था जताई और आचार्य प्रभा मित्र एवं ऋषिका आवृत्ति व मुख्य यज्ञमान विजय वशिष्ठ व सीमा वशिष्ठ, बहन सविता भाटिया व समस्त परिवार की मुक्त कंठ से भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में वशिष्ठ परिवार ने आचार्य श्री व ऋषिका आवृत्ति देवी की प्रेरणा से चतुर्वेद पारायण महायज्ञ रचा कर जंगल में मंगल कर दिया।

# कांग्रेस नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान, बोले-हांसी में नहीं हुआ विकास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 11 दिसम्बर :** हांसी हल्के से कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने पार्टी की मजबूती व नीतियों के प्रचार के लिए शहर की विभिन्न कालोनियों में चलाया जनसंपर्क अभियान। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता जय सिंह पाली, प्रेम सिंह मलिक ने कहा कि राज्य सरकार ने हांसी हल्के में विकास को लेकर वेदभाव अपना रही है। उन्होंने बताया कि हुड्डा के राज में हांसी में अच्छे विकास कार्य हुए थे मगर आज हांसी हल्के का विकास ना करवाकर विनाश कर दिया। उन्होंने बताया कि शहर की अधिकतर सड़को की खस्ता हालत बनी हुई है । उन्होंने बताया कि हर चोक चौराहों पर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा बना हुआ है और आए दिन इन बेसहारा पशुओं के कारण हादसे हों रहें हैं और कई लोगों को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ा है मगर मौजूदा विधायक अपनी आंखों को बंद करे बैठे है। उन्होंने बताया कि शहर में जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा के स्वच्छता अभियान की सरेआम धज्जियां उड़ रही है। कांग्रेस नेताओ ने कहा कि विजयी दशमी तक हरियाणा से अहंकार फ्री सरकार होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विकास व रोजगार के मामले में हुड्डा सरकार में नंबर-1 था, लेकिन अब हरियाणा की पहचान बेरोजगारी, महंगाई तक सिमट गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही 300 यूनिट फ्री बिजली, 6000 रुपये पेंशन, फिजूल के सभी पोर्टल बंद होंगे। कौशल निगम के माध्यम से कच्चे कर्मचारियों की भर्तियां बंद होंगी। उन्होंने कहां की पटरी से उतर चुके विकास कार्यों को कराएंगे। भाजपा व जेजेपी की सरकार को लेकर आरोप लगाए कि केवल प्रदेश को लूटने का काम किया। इस दौरान कांग्रेसी नेता विकास नुनाच, शमशेर सिंह मलिक, बलवान समोता, कुलबीर बामल, विजय बड़सी, सोविन भाटला,सत्यवान उमरा, मनदीप भाटोल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**Name Change**

I, Nisha D/o Manoj Aggarwal R/o 19, Rishi Nagar, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Nisha to NISHA AGGARWAL for all future purpose.

- Deponent

**WORK FROM PHONE**

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000










**Name Change**

I, Karambir Singh S/o Sh. Mula Ram R/o H. No. 252, Model Town, Hansi, Distt. Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Karambir Singh to KARAMBIR for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Rajender Kumar S/o Sh. Banwari Lal R/o H. No. 658, Old Police Line Area, Near Town Park, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Rajender Kumar to RAJENDER KUMAR JAIN for all future purpose.

- Deponent



# अग्रोहा धाम में नववर्ष के आगमन पर विशाल जागरण, भंडारा, हवन-पूजन, छप्पन भोग व सवामणी के कार्यक्रम होंगे

## अग्रोहा धाम के विस्तार व अन्य निर्माण कार्य करवाने के लिए 31 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक होगी : बजरंग गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा धाम में नव वर्ष के आगमन पर 31 दिसंबर को होने वाले विशाल कार्यक्रम की तैयारी बाबत विचार किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 31 दिसंबर को विशाल जागरण, भंडारा, छप्पन भोग व स्वामणी आदि कार्यक्रम होंगे। जिस कार्यक्रम में भजन सम्राट श्रीमती अंजलि द्विवेदी, सोनू लक्खा, रितु शर्मा एंड पार्टी, विनोद पनिहार व सोनू बंसल आदि कलाकार भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि आने वाले नव वर्ष देश व प्रदेश की जनता के लिए खुशियों भरा रहे, उसके लिए हवन यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि 31 दिसंबर को आयोजन के लिए अलग-अलग कमेटी का गठन किया गया है जिसमें जूता घर, पानी की स्टालें, चाय-नाश्ते, पार्किंग,भंडारा व पंडाल व्यवस्था आदि की ड्यूटियां लगाई गई है। श्री गर्ग ने बताया कि अग्रोहा धाम में 30-31 दिसंबर व 1 जनवरी को बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए ठहरने और खाने की विशेष व्यवस्था की गई है। अग्रोहा धाम कि इकाइयों का विस्तार करने व अन्य नव निर्माण कार्य के लिए 31 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक अग्रोहा धाम में होगी। इसमें अग्रोहा में अनेकों नई योजना लाने व संगठन के विस्तार के लिए विचार किया जाएगा। इस अवसर पर अग्रोहा धाम जिला प्रधान एन के गोयल, श्याम मंडल प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, सज्जन गुप्ता, देवानंद गुप्ता, अनिल तनेजा, धर्मेंद्र कथुरिया, संजय मित्तल, सुमित कुमार, अजय डाबड़ा, प्रदीप गोयल, अनुज कुमार आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

# शहर में लगातार बढ़ता जा रहा अपराध, बदमाशों में कोई खौफ नहीं : रामनिवास राड़ा




**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 11 दिसम्बर :** हिसार के राजगुरु मार्किट में सैनी स्विट्स के समीप बदमाशों द्वारा हवाई फायरिंग कर दुकानदारों को गाली-गलोच करते हुए फरार हो गए। हिसार विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रामनिवास राड़ा व्यापारी,दुकानदारों के बिच पहुंचे और मामले को जाना। राड़ा ने कहा की हिसार में क़ानून नाम की चीज आज के दिन नहीं है। अपराधी शहर में खुले आम घूम रहे है और अपराधों को अंजाम दे रहे है परन्तु प्रशासन व हिसार का सत्ता पक्ष गहरी नींद में सोया हुआ है। राड़ा ने कहा की चोरी, डकैती, लूट जैसी घटनाएं आज शहर में आम हो चुकी है। पुलिस प्रशासन अपराधों पर लगाम कसने की बजाय वाहनों के चालान करने में व्यस्त है। सरेआम दिन दहाड़े माताओं बहनों की चैनें तोड़ ली जाती है और अपराधी लुटेरे फरार हो जाते है जिनका पता ही नहीं लगता है। शहर में एक वारदात सुलझती नहीं की दूसरी वारदात को बदमाशों द्वारा अंजाम दे दिया जाता है। राड़ा ने कहा की प्रशासन सहित सांसद,मंत्री,मेयर को शहर की जनता की कोई चिंता नहीं है। प्रशासन चालान काटने में तो मंत्री, मेयर रीबन काटने में व्यस्त रहते है। राड़ा ने बताया की उनके वहाँ पहुंचने पश्चात डीएसपी अशोक कुमार व एसएचओ कुलदीप भी मोके पर पहुंचे और उन्होंने अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने का आश्वासन भी दिया। राड़ा ने डीएसपी से अपील करते हुए कहा की ऐसे अपराधियों के लिए शहर में कोई जगह नहीं है इनको जल्द से जल्द पकडकर इनके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई की जाए। इस दौरान राजगुरु मार्किट के पूर्व प्रधान शिवकुमार सैनी, सुरेन्द्र सोनी, अजय सैनी,अक्षय मलिक सहित मार्किट एसोसीएशन के अन्य पदाधिकारी व दुकानदार मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन छात्रावास की जगह की मांग के लिए दोबारा उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से की मुलाकात, पुरा करने का दिया आश्वासन : ललित बंसल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** अग्रवाल समाज की दशकों पुरानी मांग में आर्थिक रुप से कमजोर छात्र छात्राओं के रहने के लिए महाराजा अग्रसेन छात्रावास के लिए अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष व महाराजा अग्रसेन प्रचार प्रसार सेवा ट्रस्ट के संस्थापक ललित बंसल की अध्यक्षता में दोबारा उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हरियाणा सरकार से जमीन उपलब्ध करवाने के लिए मुलाकात की। ललित बंसल ने बताया की आज अग्रवाल समाज में बहुत से ऐसे आर्थिक रुप से कमजोर परिवार है जिनको दो वक्त की रोटी के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है ऐसे परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए दूर दूर तक भी नहीं सोच सकते, अगर इनमें से कोई एक दो परिवार अपने मेधावी बच्चों को पढ़ाना चाहे तो उनको घर से दूर बच्चों के रहने के खर्चों की चिंता सताती है और इस प्रकार के छात्रावास न होने के कारण कुछ मेधावी छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते है। अग्रवाल समाज के आर्थिक रुप से कमजोर छात्र छात्राओं के रहने के लिए आज तक हिसार में कहीं भी कोई स्थान उपलब्ध नहीं है। ललित बंसल ने बताया की उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी ने महाराजा अग्रसेन छात्रावास की मांग को अपने ध्यान में है होना बताया व छात्रावास के लिए जगह की मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर प्रमुख समाज सेवी तरुण गोयल, विपिन गोयल, आत्मा राम गर्ग, सुमित मित्तल, राज कुमार गर्ग, अनिल गुप्ता, दलबीर बंसल, आत्मा राम, अरुण भारत, व अन्य वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

# दयानन्द महाविद्यालय के छात्र साहिल ने जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक, कॉलेज पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र साहिल ने 24 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक अरमानिया में आयोजित जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीत कर देश, प्रदेश तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस चैम्पियनशिप में साहिल ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में रशिया के बॉक्सर को 5-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। साहिल के पिता भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर रह चुके है तथा वर्तमान में वह हरियाणा पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा साहिल की माता डॉ. कपिता कुण्डू गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हिसार में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। विदित रहे कि साहिल ने वर्ष 2022 में बिहार में आयोजित जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था तथा सबसे उभरते हुए बॉक्सर का खिताब अपने नाम किया। वर्ष 2023 में अरूणाचल प्रदेश में जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष 2023 में कजाकिस्तान के अस्थाना में हुई जूनियर एशियन चैम्पियनशिप में कास्य पदक जीता था। साहिल की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने साहिल को बधाई दी व उसके परिजनों तथा शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती सुरजीत कौर को बधाई दी। साहिल की इस उपलब्धि पर उसका महाविद्यालय में जोर-शोर तथा ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया तथा प्रोफेसर अरूणा कद द्वारा साहिल को पुष्पमाला तथा पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। साहिल ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय आने कोच अमित कुमार को दिया जोकि दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के पूर्व छात्र रह चुके हैं। इस अवसर पर प्रो. सुरजीत कौर, प्रो. मंजीत सिंह, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. शर्मिला गुनपाल, डॉ. प्रदीप, प्रो. अमित, प्रो. पुष्प, अनिल शर्मा तथा डॉ. मंजू, पीजीटी कम्प्यूटर साईस, जीजेयू, हिसार से उपस्थित रही।

# मूक बधिर कमेटी का हुआ गठन हिसार एसोसिएशन ऑफ द डेफ की की कमेटी का गठन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** आज बिश्नोई मंदिर हिसार के प्रांगण में सर्वसम्मति से संगठन के सदस्यों का पद का गठन किया गया। हिसार एसोसिएशन ऑफ दा डेफ 2018 से हिसार के सभी खंड में सामूहिक, सामाजिक, खेल प्रतियोगिता रंगोली, चित्रकला, बधिर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के साथ जुड़कर काम करना, आर्ट एंड क्राफ्ट, मिस्टर एंड मिस डेफ प्रतियोगिता, वह अन्य कार्यक्रम हिसार एसोसिएशन करवाती आ रही है। हिसार एसोसिएशन का गठन राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित पूनम राजली की देखरेख में हुआ। कमेटी के सभी सदस्यों ने एसोसिएशन का गठन सर्वसम्मति से किया जिसमें प्रधान पद के लिए सुमित शर्मा, उप प्रधान मनदीप, सचिव विक्रम, उप सचिव सर्वेश ग्रोवर, कोषाध्यक्ष दिनेश, सदस्य शिवकुमार, विजय, गुरमीत, संदीप, संजय, दीपक को चुना गया। सभी पदाधिकारी सदस्यों ने संगठन के लिए मजबूती से कार्य करने में सहमति जताई।

# गृह मंत्री व मुख्यमंत्री की आपसी खींचतान का खामियाजा भुगत रही जनता : लाल बहादुर खोवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज व स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक डॉ. सोनिया त्रिखा खुल्लर के बीच कई महीनों से जारी विवाद बहुत से मोड़ ले रहा है। इस विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल जनता की समस्याओं का समाधान करने की अपेक्षा गृह मंत्री अनिल विज को खुश करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के बीच खींचतान जगजाहिर है। यही कारण है कि गृह मंत्री अपने विभाग के काम भी गंभीरता से नहीं करते हैं। गृह मंत्री व स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक डॉ. सोनिया त्रिखा खुल्लर के बीच चल रहे विवाद के कारण मुख्यमंत्री को डॉ. सोनिया त्रिखा को स्वास्थ्य विभाग से हरियाणा लोक सेवा आयोग में स्थानांतरित करना पड़ रहा है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि काफी समय से स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज डॉ. सोनिया त्रिखा को महानिदेशक पद से हटवाने के लिए अड़े हुए थे। दरअसल मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के बीच चौधर की इस जंग के चलते जनता पिस रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, व्यापारी व नौकरीपेशा सहित तमाम वर्ग सरकार के आपसी कलह व जनविरोधी नीतियों से काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस पार्टी में विश्वास जता रही है और कांग्रेस ही लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहराएगी।

# गांव खरड़-अलीपुर की बेटी अंजली शर्मा का नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी में हुआ चयन

**16 से 19 दिसंबर को एलपीयू जालंधर में खो-खो में दिखायेगी अपना दमखम**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** गांव खरड़ अलीपुर की बेटी अंजली शर्मा का नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी में चयन हुआ है। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स 16 से 19 दिसंबर तक पंजाब के जालंधर में एलपीयू यूनिवर्सिटी में आयोजित होंगे। अंजली शर्मा इन खेलों में सीडीएलयू सिरसा का प्रतिनिधित्व करेगी और खो-खो खेल में अपना दमखम दिंखाएगी। अंजली शर्मा के प्रशिक्षक महेश कुमार ने बताया कि अंजली बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा है। इससे पहले भी कॉलेज और राज्य स्तर पर अंजली अनेक पदक जीत चुकी हैं। अंजली एथलेटिक में भी हरियाणा, पंजाब व राजस्थान में कैश प्राइज, मेडल, ट्रॉफी, ट्रैक सूट व अन्य कई पुरस्कार जीत चुकी है। 2021 में भी अंजली शर्मा ने 10 कि.मी. क्रॉस कंट्री में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जो बेंगुलर (कर्नाटक) में आयोजित हुई, उसमें जीजेयू का प्रतिनिधित्व किया। उनके प्रशिक्षक व सभी साथी खिलाड़ियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामानाएं दीं।

# 26 दिसंबर को पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में लगेगा रोजगार मेला

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** शिक्षा व कुशलता के बावजूद सही जानकारी के अभाव में बहुत से युवाओं को रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस समस्या को समझते हुए 26 दिसंबर को हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय एवं बीसीई एजुकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार संबंधी समुचित जानकारी दी जाएगी। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि यह रोजगार मेला उप प्रादेशिक रोजगार अधिकारी योगेश्वर कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा और भारत भूषण इस मेले के प्रमुख रहेंगे। इस रोजगार मेले में हिसार सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों, दिल्ली, पंजाब व राजस्थान की काफी कंपनी हिस्सा लेंगी। हिसार के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक व आईटीआई के प्लेसमेंट ऑफिस भी इस मेले में विशेष सहयोग देंगे। अनिल गोयल ने बताया कि स्वावलंबन व स्वदेशी विचारधारा को बल प्रदान करने के लिए हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 21 से 25 दिसंबर तक पांच दिवसीय स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में स्वदेशी उत्पाद, हरियाणवी कला व संस्कृति आधारित प्रदर्शनी, कुटीर उद्योगों में निर्मित सामग्री एवं हस्त निर्मित वस्तुओं सहित विविध आयाम दर्शाने वाले स्टाल लगाए जाएंगे। इस दौरान निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। हरियाणा के कई प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार भी मेले में शिरकत करेंगे। मेले के दौरान हर रोज विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। विजेता प्रतिभागियों को हर रोज पुरस्कृत भी किया जाएगा। 26 दिसंबर को इसी स्थान पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से युवा शिरकत करेंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

# स्टार डेंटल क्लिनिक ने 'स्वस्थ दांत-स्वस्थ हिसार' मुहिम के तहत पैलेडियम जूनियर स्कूल में लगाया निःशुल्क दंत जांच शिविर




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 दिसम्बर :** स्टार डेंटल क्लिनिक फव्वारा चौक की ओर से 'स्वस्थ दांत-स्वस्थ हिसार' मुहिम के तहत बैंक कालोनी स्थित पैलेडियम जूनियर स्कूल में निःशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. तरुण कालरा व डॉ. श्वेता कालरा ने स्कूल के बच्चों के दांतों की जांच की। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों को समय रहते अपने दांतों की देखभाल के प्रति जागरुक करने का था। कैंप के दौरान बच्चों को फ्री टूथ पेस्ट, टूथ ब्रश, माऊथ वाश व दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. तरुण कालरा व डॉ. श्वेता कालरा ने बच्चों को दांतों की देखभाल के बारे में बताते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन 2 बार ब्रश करना चाहिए। अधिक ठंडी व मीठी चीजें खाने से परहेज करना चाहिए और दांतों को पीलेपन व कैविटी से बचाना चाहिए।

त्यौहारों का सीजन : हेयर ट्रांसप्लांट आकर्षक पैकेज में एवं ओपीडी डिस्काउंट 300/- की बजाय मात्र 200/-
एनसीआर व हिसार क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हेअर सोसायटी के मेम्बर
डॉ. विक्रम नटराज गोयल
MBBS, MS, M.Ch Plastic Surgery, Ahmedabad, Fellow U.S.A.
सौंदर्य
SKIN, BURNS, HAIR TRANSPLANT, LASER & PLASTIC SURGERY CENTRE
दिल्ली, चण्डीगढ़, जयपुर वाला ईलाज अब हिसार में उपलब्ध
BURNS, जले हुए मरीजों का आधुनिक ईलाज (आई.सी.यू.) सुविधा उपलब्ध
बालों का झड़ना, पतला होना, अनावश्यक गंजापन, हेयर ट्रांसप्लांट, कॉस्मैटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी संबंधित परामर्श/इलाज उपलब्ध
बुकिंग : पहले आओ-पहले पाओ
अख़बार की प्रति लायें-विशेष छूट पायें
शर्तें लागू



गोयल हस्पताल
मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा उपलब्ध
Dabra Chowk, Opp. Saraswati Provisional Store
Nirankari Bhawan Road, Hisar
Ph.: 01662-248105, 89012-10825, 09812130025

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रैडक्रास सोसायटी हिसार जिले के दिव्यांग व्यक्ति, भूतपूर्व सैनिक हेतु (अनुपलब्धता पर सामान्य व्यक्ति) नागरिक अस्पताल, हांसी कैंटीन (जलपान व भोजन) की आगे दिनांक 01/01/2024 से 31/03/2027 तक के लिए नीलामी दिनांक 13 दिसम्बर 2023 स्थान सभागार उपायुक्त कार्यालय, प्रथम तल, लघु सचिवालय, हिसार, समय प्रातः 9:30 बजे नगराधीश महोदय की अध्यक्षता में करने जा रही है। बोलीदाता को बोली देने से पूर्व 50000/- रूपए का डिमांड ड्राफ्ट Distt. Red Cross Society, Hisar के पक्ष में देय तथा पहचान पत्र की प्रति जमा करवानी होगी। दिव्यांग व्यक्ति व भूतपूर्व सैनिक को अपना मूल प्रमाण पत्र दिखाना होगा व उसकी प्रति देनी होगी। नीलामी की शर्तों के लिए व अन्य पूछताछ हेतु रैडक्रास कार्यालय में सम्पर्क करें (दूरभाष नम्बर 01662-225097)

- सचिव



• Stress / Anxiety / Depression
Headache / Migraine
अगर आप तनावग्रस्त है । आप डॉक्टर से संपर्क करें ।
• Dr. Aman Mehta
NeuroPsychiatry Consultation
Dr. Mehta's Holy Hospital. Dabra Road. Hisar
For Appointment - 89305-62088,98120-84558